>

Title: Need to upgrade B.R.D. Medical College, Gorakhpur

with facilities at par with AIIMS.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर) : सभापति महोदय, गोरखपुर उ. प्र. का एक प्रमुख धार्मिक, सांस्कृतिक एवं व्यापारिक केन्द्र होने के साथ-साथ पूर्वी उ.प्र. पश्चिमोत्तर बिहार तथा नेपाल के तराई के एक बहुत बड़े भाग के शिक्षा तथा चिकित्सा का भी प्रमुख केन्द्र है। लगभग 5 करोड़ आबादी के बीच में चिकित्सा का एकमात्र साधन बीआरडी मेडिकल कालेज है। प्रतिवर्ष जापानी इन्सेफलाइटिस, मलेरिया, फाइलेरिया, काला ज्वर, डेंगू आदि विÂाणु जनित बीमारियों के साथ-साथ तमाम अन्य संक्रामक बीमारियों से हजारों मौतें चिकित्सा के अभाव में इस क्षेत्र मे होती हैं। अपने सीमित संसाधनों से बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर समेत पूर्वी उ.प्र. तथा अन्य क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं करा पाती है, जिसके कारण प्रतिवÂाऩ हजारों मौतें स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में इस क्षेत्र में होती हैं।

इसलिए 5 करोड़ से अधिक जनसंख्या की स्वास्थ्य सुविधा के लिए आवश्यक है कि बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दिल्ली की तर्ज पर विकसित किया जाए जिससे सही, सस्ती और विश्वसनीय चिकित्सा सुविधा इस क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को उपलब्ध हो सके। कृप्या उ.प्र. के लिए प्रस्तावित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की नई इकाई को गोरखपुर में स्थापित किया जाए।

MR. CHAIRMAN: Shri Raghuvir Singh Kaushal – Not present

Shri Syed Shahnawaz Hussain – Not present

Shri Santosh Gangwar – Not present

Shri Ramswaroop Koli – Not present

Shri Kishan Singh Sangwan – Not present

Shri P. Karunakaran – Not present

Dr. Sujan Chakraborty – Not present

Shri P.C. Thomas – Not present